# राजकुमार शी जिनपिंग के तीसरे कार्यकाल का रास्ता हुआ साफ

**ऐतिहासिक प्रस्ताव**

## चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने एक ऐतिहासिक प्रस्ताव को कर दिया है पारित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। दुनिया पर राज करने के मंसूबे पालने वाले चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने देश में अपनी पकड़ को और मजबूत कर लिया है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने एक ऐतिहासिक प्रस्ताव को पारित कर दिया है। इस प्रस्ताव से न केवल शी जिनपिंग के तीसरे कार्यकाल का रास्ता साफ हो गया है, बल्कि उनका रुतबा भी बढ़ गया है। यही नहीं अब शी जिनपिंग तीसरे कार्यकाल के बाद भी सत्ता में बने रहने के हकदार हो गए हैं। इस तरह से शी जिनपिंग अब अपने पूर्ववर्ती माओत्से तुंग और देंग जियाओपिंग की राह पर आगे बढ़ते दिख रहे हैं।

कम्युनिस्ट पार्टी के छठे पूर्ण अधिवेशन में शी जिनपिंग से जुड़े प्रस्ताव को पारित किया गया है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की उच्च स्तरीय बैठक में पार्टी के गत 100 साल की अहम उपलब्धियों को लेकर यह ' ऐतिहासिक प्रस्ताव' पारित



किया गया। इसके साथ ही अगले साल राष्ट्रपति शी जिनपिंग के रेकॉर्ड तीसरे कार्यकाल बल्कि उसके आगे के लिए भी रास्ता साफ कर दिया गया है। पार्टी की 19वीं केंद्रीय समिति का छठा पूर्ण अधिवेशन आठ से 11 नवंबर को राजधानी बीजिंग में आयोजित किया गया।

**शी के नेतृत्व और पार्टी में उनकी 'केंद्रीय स्थिति' की प्रशंसाः** गुरुवार को अधिवेशन संपन्न होने के बाद बताया गया कि बैठक में 'ऐतिहासिक प्रस्ताव की समीक्षा की गई और उसे पारित किया गया। सीपीसी के 100 साल के इतिहास में यह इस तरह का मात्र तीसरा प्रस्ताव है।श 14 पन्ने की विज्ञप्ति में शी के नेतृत्व और पार्टी में उनकी 'केंद्रीय स्थिति' की प्रशंसा की गई है जो स्पष्ट करता है कि वह अगले साल समाप्त हो रहे दूसरे कार्यकाल के बाद अभूतपूर्व तरीके से तीसरा कार्यकाल जारी रखेंगे और अपने पूर्ववर्तियों की तरह सेवानिवृत्त नहीं होंगे।

इस अधिवेशन में पार्टी के करीब 400 वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया और फैसला किया कि पांच साल में एक बार बुलाई जाने वाली पार्टी कांग्रेस (अधिवेशन) को अगले साल के अंत के बजाय मध्य में बुलाया जाए तब शी के तीसरे कार्यकाल को मंजूरी दिए जाने की उम्मीद है। 68 वर्षीय शी को 'राजकुमार' के तौर पर देखा जाता है क्योंकि वह पूर्व उप प्रीमियर शी झोंगझुन के बेटे हैं जिन्हें उनके उदारवादी विचारों के लिए माओ के अत्याचार का सामना करना पड़ा था। शी का पार्टी में तेजी से कद बढ़ा और वह पूर्ववर्ती राष्ट्रपति हू जिंताओं के कार्यकाल में उपराष्ट्रपति बने।

**शी माओ के बाद यह दर्जा पाने वाले पहले नेताः** जिनपिंग को 2016 में पार्टी के 'केंद्रीय नेता' का दर्जा दिया गया था जो माओ के बाद यह दर्जा पाने वाले पहले नेता हैं। शी का चीन की सत्ता के तीनों केंद्रों – सीपीसी के महासचिव, शक्तिशाली केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) के अध्यक्ष जो सभी सैन्य कमानों को देखती है और राष्ट्रपति– पर कब्जा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस अधिवेशन से शी की ताकत और बढ़ी है।

## न्यूज डायरी



### म्यांमार की अदालत ने अमेरिकी पत्रकार को 11 साल की सजा सुनाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बैंकाक। सैन्य शासित म्यांमार की एक अदालत ने शुक्रवार को हिरासत में लिए गए अमेरिकी पत्रकार डेनियल फेनस्टर को कई आरोपों में दोषी ठहराते हुए 11 साल जेल की सजा सुनाई है, जिसमें झूठी व भड़काऊ जानकारी फैलाना शामिल है। आनलाइन पत्रिका फ्रंटियर म्यांमार के प्रबंध संपादक फेनस्टर को अवैध संगठनों से संपर्क करने और वीजा नियमों का उल्लंघन करने का भी दोषी पाया गया। यह जानकारी उनके वकील थान जा आंग ने दी। बताया गया कि उन्हें प्रत्येक आरोप पर अधिकतम अवधि की सजा सुनाई गई। फेनस्टर को मई से हिरासत में रखा हुआ है। वह अभी भी एक अलग अदालत में दो अतिरिक्त आरोपों का सामना कर रहा है। उनपर हाल ही में आतंकवाद और देशद्रोह का आरोप लगाया गया है। पत्रकार के वकील ने बुधवार को समाचार एजेंसी एएफपी को इस बारे में जानकारी दी और कहा कि पत्रकार दोषी पाए गए तो उन्हें उम्रकैद तक की सजा हो सकती है।

### अब पाकिस्तान ने 54 टीएलपी सदस्यों के नाम आतंकी सूची से हटाए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रावलपिंडी। पाकिस्तान की पंजाब सरकार की ओर से कट्टरपंथी संगठन तहरीक–ए–लब्बैक पाकिस्तान (ज्मीतममा–प–स्इइंपा चंपेजंद, ज्स्च) के मुखिया साद रिजवी का नाम आतंकियों की सूची से हटाए जाने के बाद अब पंजाब के गृह विभाग ने टीएलपी के 54 सदस्यों के नाम भी रावलपिंडी डिवीजन में आतंकवाद विरोधी अधिनियम 1997 की चौथी अनुसूची से हटा दिए हैं। पाकिस्घ्तानी अखबार डान ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि इन आतंकियों में से 28 रावलपिंडी जिले के, 14 चकवाल के, 11 अटोक के थे। मालूम हो कि पाक की पंजाब सरकार ने कट्टरपंथी टीएलपी के मुखिया साद रिजवी का नाम आतंकियों की सूची से हटा दिया था। रिजवी को अप्रैल में गिरफ्तार किया गया था। जल्द ही उसकी कोट लखपत जेल से रिहाई की जाएगी। टीएलपी समर्थकों ने हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान रिजवी की रिहाई की मांग की थी।

### पाकिस्तान में डेंगू का बढ़ रहा कहर, 24 घंटे में दर्ज हुए 25 नए मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेशेवर। पाकिस्तान में डेंगू का कहर लगातार बढ़ रहा है। यहां पर पिछले 24 घंटे में डेंगू के 45 नए मामले दर्ज हुए हैं। राजधानी इस्लामाबाद के स्थानीय मीडिया ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि दर्ज हुए 45 नए मामले इस्लामाबाद के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में दर्ज हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि शहरी क्षेत्रों से 289 मामले दर्ज हुए हैं वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में 17 मामले दर्ज हुए हैं। राजधानी इस्लामबाद में डेंगू से 19 लोगों की मौत हो गई है। बता दें कि यहां पर इस्लामाबाद में मच्छर जनित वायरल बीमारी के कुल 4,292 मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक में कहा, सार्वजनिक क्षेत्रों में मच्छरों का प्रजनन सभी के खतरनाक है।

### पृथ्वी के बेहद निकट सालों से मौजूद है एक रहस्यमय ऐस्टरॉइड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। पृथ्वी के नजदीक एक छोटे ऐस्टरॉइड को परिक्रमा करते हुए देखा गया था। नेचर कम्युनिकेशंस अर्थ एंड एनवायरनमेंट मैग्जीन में 11 नवंबर को छपे एक रिसर्च के मुताबिक यह ऐस्टरॉइड चंद्रमा का एक टुकड़ा हो सकता है। जो प्राचीन समय में टूट गया था। रिसर्चर्स का कहना है कि अगर इसकी पुष्टि होती है तो यह ऐस्टरॉइड चंद्रमा से पैदा होने वाला पृथ्वी के निकट पहला खगोलीय पिंड होगा। शोधकर्ताओं के मुताबिक यह हमारे ग्रह और चंद्रमा के इतिहास पर रोशनी डालने में सहयोग कर सकता है। खगोलविदों ने इसकी खोज 2016 में हवाई में टेलिस्कोप का इस्तेमाल करके की थी। यह वस्तु नंगी मानव आंखों से देखने की तुलना में लगभग 4 मिलियन गुना ज्यादा धुंधली है। हर अप्रैल में चट्टान की कक्षा इसे पृथ्वी के इतने करीब लाती है कि यह हमारी सबसे शक्तिशाली दूरबीनों को कुछ समय के लिए दिखाई देती है।

## अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी समूहों से संबंध तोड़े तालिबान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। अमेरिका, चीन, रूस और पाकिस्तान के वरिष्ठ अधिकारियों ने तालिबान से सभी अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी समूहों के साथ अपने संबंध तोड़ने का आह्वान किया। अधिकारियों ने तालिबान से समावेशी और प्रतिनिधित्व वाली सरकार बनाने के लिए कदम उठाते हुए देश में किसी भी आतंकवादी संगठन को जगह देने से इनकार करने का अपील की। इस्लामाबाद में चार देशों के विशेष अफगान प्रतिनिधियों की विस्तारित 'ट्रोइका बैठक' ने अफगानिस्तान में ताजा हालात की समीक्षा की।

बैठक में कहा गया कि यह उम्मीद है कि तालिबान अपने पड़ोसी देशों और बाकी दुनिया के खिलाफ आतंकवादियों द्वारा अफगान क्षेत्र के उपयोग को रोकने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करेगा। वार्ता के समापन पर जारी संयुक्त वक्तव्य के अनुसार चारों देशों ने अफगानिस्तान में गंभीर मानवीय और आर्थिक स्थिति के बारे में गहरी चिंता व्यक्त की और अफगानिस्तान के लोगों के लिए अटूट समर्थन दोहराया।

**अफगानिस्तान की आर्थिक चुनौतियों पर जताई चिंताः** ट्रोइका के विस्तारित समूह को ट्रोइका प्लस के रूप में भी जाना जाता है। इसने दुनिया द्वारा अफगानिस्तान को मानवीय सहायता के तत्काल प्रावधान का स्वागत किया।



## ईरान का महाबली पहलवान, शरीर देख लोग, बुलाते हैं हल्क

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। ईरान के महाबली बॉडी बिल्डर सजाद ारीबी दुनियाभर में सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गए हैं। सजाद का महाकाय शरीर जहां लोगों को डरा रहा है, वहीं उनकी बेजोड़ ताकत लोगों को दांतों तले उंगली दबाने के लिए मजबूर कर रही है। इसी वजह से लोग उन्हें हॉलीवुड सुपरहीरो हल्क के नाम से बुला रहे हैं जो अपार ताकत के लिए दुनियाभर में लोकप्रिय है। सजाद के वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर देखे जा रहे हैं। हल्क एक ऐसा सुपरहीरो है जो मार्वल की फिल्मों में अक्सर दिखाई देता है और अपनी बेजोड़ शारीरिक ताकत, स्पीड, स्टेमिना के लिए जाना जाता है।

## पाकिस्तानी क्रिकेट टीम की हार पर ट्रोल हुए गृहमंत्री शेख रशीद

### अब पाकिस्तानी टीम की हार के बाद लोग कर रहे सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। क्रिकेट के महाकुंभ टी–20 विश्व कप मुकाबले में पाकिस्तानी क्रिकेट टीम की करारी शिकस्त के बाद पाकिस्तान के बड़बोले गृहमंत्री शेख रशीद लोगों के निशाने पर आ गए हैं। यह वही शेख रशीद हैं जिन्होंने भारतीय टीम की हार को इस्लाम की जीत करार दिया था। अब पाकिस्तानी टीम की हार के बाद लोग उनसे सवाल कर रहे हैं कि क्या यह इस्लाम की हार है। अब तक हजारों की तादाद में लोग जहां शेख रशीद के खिलाफ ट्वीट कर रहे हैं, वहीं पाकिस्तानी गृहमंत्री चुप्पी मारकर बैठे हैं।

**पाकिस्तान की हार पर शेख रशीद की बोलती बंदः** पाकिस्तान की हार के बाद शेख रशीद की बोलती बंद हो गई है और पराजय की कसक साफ दिखी। पाकितानी गृहमंत्री ने ट्वीट करके कहा कि पाकिस्तान आपने अच्छा खेला। सेमीफाइनल को छोड़कर आपने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया। फिर भी कोई बात नहीं। पाकिस्तान की 22 करोड़ जनता के चेहरे पर खुशी लाने और शानदार प्रयास के लिए धन्यवाद। इससे पहले भारत के खिलाफ मिली जीत के बाद पाकिस्तान के गृह मंत्री शेख रशीद ने धर्म को लेकर बयानबाजी की थी। उन्होंने पाकिस्तानी टीम की जीत को आलमी इस्लाम की जीत करार दिया था। शेख रशीद ने कहा था कि मुझे अफसोस है कि यह पहला हिंदुस्तान और पाकिस्तान का मैच है जो मैं कौमी जिम्मेदारियों की वजह से ग्राउंड में नहीं देख सका। लेकिन मैंने तमाम ट्रैफिक को इस्लामाबाद, रावलपिंडी को हिदायत दी है कि रोड पर रखे कंटेनर्स को हटा दिया जाए, ताकि कौम अपने जश्न को तारीखी तरीके से मनाए।

**आलमी इस्लाम को फतह मुबारक होः** शेख रशीद ने आगे कहा कि पाकिस्तान की टीम को, पाकिस्तान की कौम को मुबारक हो, आज हमारा फाइनल था। हमारा फाइनल आज ही था। पाकिस्तान जिंदाबाद....इस्लाम जिंदाबाद!

## कोवैक्सीन के आपातकालीन उपयोग को बहरीन ने दी मंजूरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मनामा (बहरीन)। बहरीन ने भारत की स्वदेशी रूप से विकसित कोविड–19 वैक्सीन कोवैक्सीन के आपातकालीन उपयोग को मंजूरी दे दी है। बहरीन में भारतीय दूतावास ने गुरुवार को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। ट्वीट के मुताबिक, श्बहरीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य नियामक प्राधिकरण ने भारत बायोटेक द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित कोविड–19 रोधी वैक्सीन कोवैक्सीन के आपातकालीन उपयोग को मंजूरी दे दी है। बता दें कि कोवैक्सिन को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से आपातकालीन उपयोग सूची (ईयूएल) प्राप्त होने के कुछ दिनों बाद यह मंजूरी मिली है। दूतावास ने घोषणा की कि इससे भारतीयों के लिए बहरीन यात्रा करना भी आसान हो जाएगा। जिन लोगों के पास डब्ल्यूएचओ द्वारा अप्रूव की गई भारतीय कोविड वैक्सीन का टीकाकरण प्रमाणपत्र है, वे अब बहरीन के लिए यात्रा कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें आरटीपीसीआर की निगेटिव रिपोर्ट और देश में पहुंचने पर 10 दिनों के लिए क्वारंटाइन में रहने की आवश्यकता से छूट मिल जाएगी।